## प्रताड़ना से तंग मायके गई थी महिला पुलिस ने डेहरी से किया बरामद

पंचायत सूत्र, जागरण, उल्ली बनाही नौहट्टा : रोहतास। थाना क्षेत्र के एक गांव से एक महिला द्वारा प्रेमी के साथ फरार होने के मामले में पति के दावों की हवा निकल गई है। नौहट्टा थाने की पुलिस ने गुरुवार को उक्त महिला को उसके बच्चों के साथ डेहरी रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया। जांच में मामला प्रेम प्रसंग का नहीं, बल्कि पारिवारिक प्रताड़ना का निकला है।महिला के पति अशोक कुमार ने बीते आठ जून को थाने में प्राथमिकी कराई थी।


TRISHA NURSING INSTITUTE
INDIAN NURSING COUNCIL (INC)
APPROVED NURSING COLLEGE
COURSES OFFERED
• ANM • GNM
• B.Sc. NURSING
ADMISSION OPEN
Campus : Punpun, Patna
+91 9031665403/9031665404


## अतिक्रमण की जद में आए पक्के मकान, मालिकों पर गिरेगी गाज

संवाद सूत्र, जागरण, काराकाट : रोहतास। स्थानीय प्रशासन द्वारा राजमार्ग 120 नासरीगंज-बिक्रमगंज पथ से अतिक्रमणकारियों को हटाने की चेतावनी के बाद से कुछ लोगों की चिंता बढ़ गई है। हालांकि गोड़ारी बाजार के लगभग 20 दुकानदारों ने चिह्नित जगहों से अपनी दुकानें हटा ली हैं।

वहीं सड़क व सड़क किनारे बने नाले के ऊपर लगाए गए कराकट का शेड, चौकी व बेंच तथा मकानों पर बाहर से लगाए गए लोहे की सीढ़ी को भी हटाया जा रहा है। बाजार वासियों की मानें तो अगले रविवार को प्रशासन यहां बुलडोजर चलाने की तैयारी में है। इसको लेकर सबसे बड़ी चिंता उन्हें है, जिनका मकान आठ से दस फिट तक सड़क यानी सरकारी जमीन में बन गया है। अमीनों द्वारा की गई मापी के दौरान लगभग दर्जन भर पक्के मकानों का कुछ भाग सड़क की जमीन में निकल आया है। उसे कर्मियों द्वारा चिह्नित कर मकान मालिकों द्वारा स्वयं हटवा लिए जाने का निर्देश भी अंचल प्रशासन ने दिया है। सीओ डाक्टर रितेश कुमार के अनुसार फिलहाल गोड़ारी, करूप व काराकाट बाजार पर राजमार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराने की योजना है। इसके लिए दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ सभी तैयारी पूरी कर ली गई है।



मकान को चिह्नित करते कर्मी ● जागरण

# कोचिंग गई छात्रा की 30 घंटे बाद आहर से मिला शव, स्वजन को हत्या की आशंका

### शव पर जख्म के निशान, इसी वर्ष मैट्रिक परीक्षा में प्रखंड भर में सर्वाधिक अंक मिला था

संवाद सूत्र, जागरण, दावथ : रोहतास। स्थानीय थाना क्षेत्र के इटवा गांव की मेधावी छात्रा मनीषा कुमारी 17 वर्ष का शव गुरुवार की रात गांव के बाहर, कोआथ-इटवा पथ स्थित आहर की पक्की नाली से बरामद हुआ। शरीर पर जख्म के निशान पाए गए हैं। स्वजन इसे हत्या करार दे रहे हैं। वे बुधवार की सुबह कोआथ बाजार स्थित एक कोचिंग संस्थान में पढ़ने गई थी। घर लौटने के बाद, वह दोपहर में दोबारा कोचिंग जाने के लिए निकली, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटी। इसके बाद परिवार के लोग उनकी तलाश में जुट गए। गायब होने के 30 घंटे बाद उनका शव गांव के समीप आहर से बरामद हुआ। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद स्वजन को सौंप दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि बादशाह सिंह कुशवाहा की पुत्री मनीषा पढ़ाई में अति मेधावी थी। इसी वर्ष मैट्रिक परीक्षा में उसे प्रखंड भर में सर्वाधिक अंक मिला था। शव मिलने की सूचना पर मां ममता देवी व छोटे भाई ने वहां पहुंच शव की पहचान मनीषा के रूप में की। मृतका के भाई अनीश कुमार ने आरोप लगाया कि उनकी बहन की हत्या करके शव को आहर में फेंका गया है। शव पर चोट के कई निशान थे, एक आंख क्षतिग्रस्त थी तथा गर्दन और बांह पर धारदार हथियार से वार किए जाने जैसे जख्म हैं। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। घटनास्थल पर पहुंचे एसपी रौशन कुमार ने बताया कि इस घटना की जांच पुलिस सभी बिंदुओं पर कर रही है। बिक्रमगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने कहा कि स्वजन से भी जानकारी प्राप्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। किसी भी स्थिति में आरोपित बच नहीं पाएंगे। स्वजन ने बताया कि मनीषा के पिता बादशाह सिंह कुशवाहा हैदराबाद की एक निजी कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद वे गांव के लिए रवाना हो गए हैं। थानाध्यक्ष मनीष कुमार पंजियारा ने बताया कि हत्या के कारणों की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हो पाएगी। कोचिंग संस्थान के संचालक व छात्रों से भी इस मामले में जानकारी ली जा रही है।



आहर में मनीषा का शव मिलने पर गांव के लोगों की लगी भीड़ ● जागरण



मनीषा फाइल फोटो


पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक ! punjab national bank ...the name you can BANK upon !

सम्पति वसूली प्रबंधन शाखा, ओल्ड जी.टी. रोड, औरंगाबाद, बिहार- 824101

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय सम्पतियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल सम्पतियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना**

एतदद्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता ( ओं ) और गारंटर ( ओं ) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी / चार्ज की गई है, जिसका रचनात्मक/भौतिक/प्रतीकात्मक कब्जा उसके द्वारा ले लिया गया है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता को अपने बकाया की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि पर 'जैसा है जहां है', 'जैसा है जो है' और 'जो कुछ भी है' पर बेचा जाएगा। संबंधित उधारकर्ता ( ओं ) और गारंटर ( गारंटरों ) से सुरक्षित लेनदार, आरक्षित मूल्य और बयाना राशि जमा नीचे दी गई तालिका में सम्बंधित सम्पतियों के अनुसार होगी।

परिशिष्ट- IV-A [नियम 8 (6) का प्रावधान देखें] (सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची)

| लॉट न. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर के खाते का नाम एवं पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण/मालिक का नाम (संपत्ति को गिरवी रखने वाले) | क) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि ख) मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि ग) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्ज़ा की तिथि घ) कब्ज़े की प्रकृति: सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | क) आरक्षित मूल्य (लाख रुपये में) ख) ईएमडी ग) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | सुरक्षित लेनदारों को ज्ञात ऋणभारों का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पीएनबी- डेहरी (056720) मेसर्स केजीएन ट्रेडर्स (प्रोप-मो. मुमताज आलम) पता-रामजन मंजिल, स्टेशन रोड, डेहरी ऑन सोन, रोहतास, बिहार-821305 मुमताज आलम पिता आमीर आलम, हाशिम आलम पिता मुमताज आलम, नशीम अंसारी पिता मुमताज आलम, शमीम अंसारी पिता मुमताज आलम, कासिम अंसारी पिता मुमताज आलम, कलीमा खातून पति मुमताज आलम पता- नील कोठी, वार्ड संख्या-28, डेहरी ऑन सोन, रोहतास, बिहार-821307 खाता संख्या-0567250026196 | 1.अचल संपत्ति यहां स्थित है: मौजा-डेहरी, अंचल-डेहरी, हल्का-नगर परिषद, जिला-रोहतास, थाना संख्या-161, खाता संख्या-170, खेसरा संख्या-821, क्षेत्रफल-1.5 डिसमिल, सेल डीड संख्या-10015 दिनांक-22.07.1999, कलिमा खातून पति मुमताज आलम के पक्ष में मो.नुरुल हक द्वारा निष्पादित किया गया। चौहद्दी: उत्तर-खुर्शीद आलम पति रौनक, दक्षिण-निज्ञ मोकिर का भाई , पूर्व-कासिम आलम हाल ख़रिदार, पश्चिम-रास्ता फिर विश्वनाथ सरोगी 2. अचल संपत्ति स्थित है: मौजा-डेहरी, अंचल-डेहरी, हल्का-नगर परिषद, जिला-रोहतास, थाना संख्या-161, खाता संख्या-170, खेसरा संख्या-821, क्षेत्रफल-1.5 डिसमिल, सेल डीड संख्या-10016 दिनांक 22.07.1999, जो मो. कासिम आलम, मो. हासिम आलम,नसीम आलम, समीम आलम पिता मुमताज आलम के पक्ष में मो. नुरुल हक द्वारा निष्पादित किया गया। चौहद्दी: उत्तर-खुर्शीद आलम पति रौनक, दक्षिण- निज्ञ मोकिर का भाई, पूर्व-सर्फुद्दीन, पश्चिम-हाल ख़रिदार कलीमा खातून | क) 05.02.2026 ख) रु. 1,19,25,317.95/- + आगे का ब्याज ग) 16.05.2026 घ) प्रतीकात्मक | क) रु. 61,00,000/- ख) रु. 6,10,000/- ग) रु. 50,000/- | दिनांक 28.07.2026 को दोपहर 12:00 बजे से शाम 16:00 बजे तक | ज्ञात नहीं |

**नियम एवं शर्तें : बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों एवं शर्तों और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी:**
1. संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' और 'जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. यहां ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित संपत्तियों का विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी भी त्रुटि, गलत विवरण या चूक के लिए जवाबदेह नहीं होगा। 3. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा वेबसाइट https://baanknet.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से **28.07.2026 को दोपहर 12.00 बजे** से शाम **16.00 बजे तक** की जाएगी। 4. बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और www.pnb.bank.in देखें। 5. प्राधिकृत अधिकारी को किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने, यदि स्वीकार्य न हो, या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/स्थगित/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है एवं इस संबंध में उसका निर्णय अंतिम होगा।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत वैधानिक बिक्री सूचना विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा **प्राधिकृत अधिकारी**


## उन्नत कृषि तकनीक से अवगत हुए किसान

संवाद सूत्र, जागरण दिनाराः रोहतास। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। उद्घाटन उप परियोजना निदेशक आत्मा संतोष कुमार, कृषि वैज्ञानिक आरके जलज एवं बीएओ सौरभ प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत खेती, फार्म रजिस्ट्रेशन, खेत बचाओ अभियान, समेकित कृषि प्रणाली, पशुपालन एवं उद्यानिकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक तकनीकों को अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने के उपाय बताए। फलों के पौधों के रोपण, संरक्षण एवं वैज्ञानिक प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। उप परियोजना निदेशक ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र में नई तकनीकों और वैज्ञानिक विधियों को अपनाकर उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा कृषि विभाग से नियमित संपर्क बनाए रखने की अपील की। वैज्ञानिकों ने खरीफ मौसम में फसल प्रबंधन, रोग एवं कीट नियंत्रण तथा जल संरक्षण के उपायों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्षता आत्मा अध्यक्ष गुलाबचंद चौधरी तथा संचालन कृषि समन्वयक गौतम कुमार सिंह ने किया।




कार्यशाला का उद्घाटन करते उप परियोजना निदेशक व अन्य फोटो सौ. कृषि विभाग

## पेंशन की राशि मिलने से लाभुकों में खुशी

पंचायत सूत्र, चिकसिल (काराकाट)। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि लाभुकों को मिलने से उनमें खुशी व्याप्त है। हालाकि कुछेक लाभुकों के खाते में पेंशन की राशि नहीं पहुंच सकी, जिससे स्थानीय कर्मियों के प्रति उनमें नाराजगी देखी गई। शुक्रवार को विभिन्न बैंक शाखाओं से लौटी शैल कुवंर, मीना देवी, शकीना प्रवीण, रेशमा देवी समेत कई लाभुकों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा डीबीटी के माध्यम से तीन दिन पहले ही खाते में राशि हस्तांतरित कराने की सूचना पर काफी खुशी हुई थी, लेकिन यहां के कर्मियों की लापरवाही से राशि नहीं आने से मन दुखी है। आज भी बैंक में खाता चेक करवाया तो पता चला कि मार्च के बाद कोई राशि नहीं आई है, हो सकता है एक दो दिन में आ जाए। वही बबीता देवी, राजमुना देवी, रतन चौधरी सहित कइयों ने खुशी जताते हुए कहा कि उनके खाते में 11 सौ रुपये आया है।

## चौखड़ा में दो पक्षों के बीच मारपीट में दो गिरफ्तार

संवाद सूत्र, जागरण, नौहट्टा : रोहतास। क्षेत्र के चफला व चौखड़ा गांव में गुरुवार को दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में बशिष्ट कुमार, छोटू राम व प्रमीला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस को दिए आवेदन में बशिष्ट कुमार ने आरोप लगाया है कि गुरुवार रात करीब सवा नौ बजे तिउरा गांव निवासी छोटू राम और प्रमीला देवी ने उनके घर आकर लाठी-डंडों से मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष की प्रमीला देवी ने आरोप लगाया कि गुरुवार शाम सात बजे चफला पहुंचने पर छोटू से शादी कर लेने की रंजिश को लेकर उन पर हमला किया गया और पत्थर मारकर उनका सिर फोड़ दिया गया।थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।


UPREV
U.P. Renewable and EV Infrastructure Ltd

**UP RENEWABLE AND EV INFRASTRUCTURE LIMITED (UPREV)**

(A Wholly Owned Subsidiary of Uttar Pradesh Power Corporation Limited (UPPCL), Government of Uttar Pradesh)

Office Address: 3rd Floor, Vidyut Seva Ayog SLDC Campus, Vibhuti Khand Gomti Nagar, Lucknow – 226010

Phone: 0522-7118334 | Email: etender@uprev.org | Website: www.uprev.org

NIT FOR SETTING UP OF EV PUBLIC CHARGING STATIONS AT 238 LOCATIONS ACROSS UTTAR PRADESH

E-Bid No.: 01/ UPREV/PM E –DRIVE/2026-27 Dated-12.06.2026

UP Renewable and EV Infrastructure Limited (UPREV), the State Nodal Agency for implementation of EV Charging Infrastructure under the PM E-DRIVE Scheme in Uttar Pradesh, ivites online bids from eligible bidders, including consortiums, for selection of Charge Point Operators (CPOs) for setting up, commissioning, operation and maintenance of Public Charging Stations (PCS) across Uttar Pradesh.

| Activity | Date |
|---|---|
| Issue of RFP | 15.06.2026 Available for download on https://etender.up.nic.in & https://uprev.org |
| Last Date & Time for Submission | 15.07.2026 at 15:00 Hrs |
| Submission of E-Bid | https://etender.up.nic.in |

All corrigenda, addenda, amendments, clarifications and updates, if any, relating to this tender shall be uploaded only on the above websites/e-portal. No separate advertisement or individual communication shall be issued in this regard. Prospective bidders are advised to visit the aforesaid websites regularly for updates and information pertaining to this tender.

UPREV reserves the right to accept or reject any or all bids, cancel, modify or annul the bidding process at any stage without assigning any reason thereof and without incurring any liability

Director (Technical)
UP Renewable and EV Infrastructure Limited (UPREV)



Latest Jobs JAGRAN Josh www.jagranjosh.com

**CISF: 24 पैरामेडिकल पद**
- **अंतिम तिथि:** 07 जुलाई, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से 12वीं/ डिप्लोमा एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** cisfrectt.cisf.gov.in

**UPSSSC: 722 आबकारी सिपाही पद**
- **अंतिम तिथि:** 24 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/संस्थान से इंटरमीडिएट एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** upsssc.gov.in

**SSC CGL : 12,256 ग्रुप-बी और ग्रुप-सी पद**
- **अंतिम तिथि:** 22 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** ssc.gov.in

**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड : 70 एग्जीक्यूटिव पद**
- **अंतिम तिथि:** 25 जून, 2026
- **शैक्षणिक योग्यता:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से बी.टेक/बी.ई./स्नातक एवं अन्य समकक्ष योग्यता
- **वेबसाइट/आवेदन:** hindustancopper.com

**नौकरी टिप्स**

**रोमांच के साथ शोहरत से भरपूर है फोरेंसिक साइंस एक्सपर्ट की सरकारी नौकरी**

अगर किसी जटिल मामले के सबूतों को एकत्र करने और उनका विश्लेषण करने में आप दिलचस्पी रखते हैं तो फोरेंसिक साइंस एक्सपर्ट की सरकारी नौकरी के लिए आप उपयुक्त उम्मीदवार हैं. पुलिस और खुफिया सहित सतर्कता एवं संबंधित संगठनों, शोध संस्थानों आदि में फोरेंसिक साइंस एक्सपर्ट के लिए ढेरों रिक्तियां निकलती रहती है. फोरेंसिक साइंस या संबंधित क्षेत्रों में ग्रेजुएट (बीएससी) अभ्यर्थी इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं जहाँ आपको पैसे के साथ शोहरत भी मिलेगी.

अधिक जानकारी के लिए विजिट करें www.jagranjosh.com या डाउनलोड करें Jagran Josh Sarkari Naukri App


## आवास समिति का सभापति बनने पर विधायक का स्वागत



विधायक को सम्मानित करते एनडीए कार्यकर्ता। ● जागरण

संवाद सूत्र, जागरण, नासरीगंज : रोहतास। बिहार विधानसभा की आवास समिति के सभापति बनाए जाने के बाद पहली बार नासरीगंज पहुंचे नोखा विधायक नागेंद्र चंद्रवंशी का एनडीए कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। बाईपास स्थित एक निजी रिसॉर्ट परिसर में जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष डा. अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विधायक को बुके और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एनडीए सरकार राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक इसका लाभ पहुंच सके। इस दौरान विधायक ने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना व उनके निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को फोन पर आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर जदयू नेता संजर खान, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष अजय शौंडिक, अंजनी सिंह, संतोष आर्या, देवमुनि पासवान, अमित वर्मा, डब्लू सिंह, पूर्व अध्यक्ष लाल बाबू साह, कनकधीर उपाध्याय, रामजी चौधरी और भोलू खान समेत अन्य उपस्थित थे।

## कौशल विकास व रोजगार योजनाओं पर जागरूकता कार्यशाला

जागरण संवाददाता, सासाराम : रोहतास। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में स्थानीय समाहरणालय स्थित डीआरडीए सभागार में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। अवर प्रादेशिक नियोजनालय, डालमियानगर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना व मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना के प्रति युवाओं और संस्थानों को जागरूक करना था। कार्यक्रम का उद्घाटन डीडीसी विजय कुमार पांडेय, संयुक्त निदेशक सुरेश कुमार, नोडल पदाधिकारी राजेश कुमार, टीम लीडर चंदन राय, सहायक निदेशक सुबोध कुमार, नियोजन पदाधिकारी दिनेश तिवारी व श्रम अधीक्षक सुजीत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर जिले के सरकारी आईटीआई के प्राचार्य व उप-प्राचार्य भी मौजूद रहे।